Evershine


echo series

# दीपमाला

भाग– 3

एफ ए खान
एम ए

वेद प्रकाश
एम ए



EVERSHINE™ ESP PUBLISHERS
Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046
PH.: 28111758, 28113958, Fax- 28112353
Mobile: 9868877950, 9560408043
E-mail: evershinepub@gmail.com

इस पुस्तक का कोई भी अंश तथा चित्र किसी भी प्रकार से उद्धृत करना सर्वथा वर्जित है। इस पुस्तक की कुंजी, गाइड अथवा किसी भी प्रकार की सहायक पुस्तक सामग्री छापना वर्जित है।

**प्रकाशकः**

EVERSHINE ESP PUBLISHERS

Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046

PH.: 28111758, 28113958, Fax- 28112353

Mobile: 9868877950, 9560408043

E-mail: evershinepub@gmail.com

**© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

**कला सज्जाः**

**मंथन टेक्नोलोज़ीस**



# दो बातें

शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को केवल कला का ज्ञान देना और परीक्षा लेना नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चे जब विद्यालय की चारदीवारी से निकलकर वास्तविक जीवन में प्रवेश करते हैं तो शिक्षा ही उनका संबल बनती है। 'दीपमाला' पाठ्य-पुस्तक का मुख्य उद्देश्य यही है।

'दीपमाला' पाठ्य-सामग्री का चयन बच्चों की आयु और उनके मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रत्येक पाठ अपने रोचक कथ्य और स्वरूप में बच्चों को जीव और जगत के गतिशील जीवन से परिचित कराता है।

दीपमाला की विशेषताएँ इस प्रकार हैं–

- सरल भाषा में उपयोगी कथ्य द्वारा प्रकृति, पर्यावरण, पशु-पक्षी एवं मानवीय मूल्यों से जोड़ने वाले पाठ।
- विद्यार्थियों के लिए रुचिकर चित्रकथाएँ, कार्टून आदि।
- सुंदर आकर्षक चित्र, सुंदर छपाई एवं रोचक प्रस्तुतीकरण।
- संशोधित, परिवर्धित, देवनागरी लिपि एवं मानक भाषा का प्रयोग।
- एन.सी.ई.आर.टी. के नवीनतम पाठ्यक्रम तथा सी.सी.ई. पद्धति पर आधारित।

बच्चों की रुचि को ध्यान में रखकर बनाई गई गतिविधियों तथा अभ्यास 'दीपमाला' में भरपूर मात्रा में दिए गए हैं। इनके माध्यम से कुछ करके सीखने का भरपूर अवसर बच्चों को मिलेगा। जिससे बच्चे भाषा का प्रयोग केवल पढ़ने-लिखने और बोलने के लिए ही नहीं बल्कि तर्क करने, विश्लेषण करने, अनुमान लगाने, अपनी भावनाओं और सोच को अभिव्यक्त करने और कल्पना करने आदि के लिए भी करेंगे।


'दीपमाला' शृंखला की प्रत्येक पाठ्य-पुस्तक में सी.सी.ई. की दृष्टि से संकलित मूल्यांकन (SA) और रचनात्मक मूल्यांकन (FA) दिए गए हैं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि 'दीपमाला' बच्चों को स्वत: अध्ययन करने के लिए प्रेरित करेगी।

–प्रकाशक

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | वंदना | 8 |
| 2. | अनोखा मूर्तिकार | 11 |
| 3. | पेड़ हमारे जीवनदाता | 17 |
| 4. | महान वैज्ञानिक न्यूटन | 23 |
| 5. | चाँद का कुरता | 30 |
| ✷ | सूरज और चाँद ऊपर क्यों गए? | 34 |
| 6. | साहसी करला | 35 |
| 7. | चलना ही ज़िंदगी है | 42 |
| 8. | जब मुझको साँप ने काटा | 47 |
| ✷ | चालाक लोमड़ी | 56 |




| | | |
|---|---|---|
| 9. | आओ, दीप जलाएँ | 58 |
| 10. | कृष्ण और सुदामा | 62 |
| 11. | शहीद भगत सिंह | 69 |
| 12. | बिना विचारे जो करे | 75 |
| 13. | देशप्रेम | 82 |
| 14. | बया का घर | 86 |
| 15. | स्वास्थ्य ही धन है | 92 |
| 16. | पेड़ की गवाही | 98 |
| 17. | नई लगन | 104 |




| क्र. | पाठ ( विधा ) | भाषा कौशल | गतिविधियाँ | जीवन-मूल्य, सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वंदना (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, विलोम शब्द, कविता की पंक्तियों को पूरा करना, मौखिक प्रश्न | कक्षा में ईश वंदना सुनाना, धार्मिक चिह्नों को पहचानाना | अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेना |
| 2. | अनोखा मूर्तिकार (रोचक कहानी) | बहुविकल्पीय प्रश्न, उचित शब्द चुनना, बहुवचन रूप लिखना, विलोम शब्द लिखना, शब्दों का वाक्यों में प्रयोग, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | नए शब्द बनाना, चित्र की सहायता से कहानी लिखना | लोगों के व्यवसाय के बारे में बताना |
| 3. | पेड़ हमारे जीवनदाता (प्रकृति प्रेम) | बहुविकल्पीय प्रश्न, योजक का प्रयोग, खाली स्थान भरना, विशेषण और संज्ञा शब्दों का मिलान, बहुवचन, उचित शब्द चुनना, प्रश्नोत्तर | बुद्धि परीक्षण, फलों के नाम लिखना | पेड़-पौधों की उपयोगिता के बारे में जानकारी देना |
| 4. | महान् वैज्ञानिक न्यूटन (जीवन परिचय) | बहुविकल्पीय प्रश्न, शब्द समूहों के लिए एक शब्द, एक शब्द के कई अर्थ, सुलेख | कविता कंठस्थ करना, भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करना | वैज्ञानिकों के जीवन से जुड़ी घटनाओं से अवगत कराना |
| 5. | चाँद का कुरता (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, जोड़े बनाना, शब्दों का मिलान करना, नई और पुरानी लिपि, मौखिक प्रश्न | कविता याद करके सुनाना, चाँद के बारे में नई-नई जानकारी प्राप्त करना | चंद्रमा के विषय में बताना, मनोरंजन |
| 6. | साहसी करला (चित्रकथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, खाली स्थान भरना, संज्ञा से विशेषण बनाना, लिंग बदलना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | पहेलियाँ बूझना, अकबर-बीरबल की कहानियाँ पढ़ना, शब्दों का उच्चारण | सूझबूझ विकसित करना, बुद्धि से काम लेना, अंधविश्वास दूर करना |
| 7. | चलना ही ज़िंदगी है (प्रेरक लेख) | बहुविकल्पीय प्रश्न, शब्दार्थ, बहुवचन, शब्दों को क्रम में लिखकर वाक्य बनाना, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | सही समय लिखना, विभिन्न प्रकार की ध्वनियों से अवगत होना | आलस्य न करना, कर्म की प्रधानता |
| 8. | जब मुझको साँप ने काटा (अंधविश्वास) | बहुविकल्पीय प्रश्न, एक शब्द के दो अर्थ, वाक्यों का अर्थ, घर से संबंधित शब्द, प्रश्नोत्तर, मौखिक प्रश्न | काटने वाले और डंक मारने वाले जंतुओं को पहचानना, दुर्घटनाओं में उचित उपचार करना | अंधविश्वास दूर करना |
| 9. | आओ दीप जलाएँ (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, योजक, तुकवाले शब्द, मौखिक प्रश्न | त्योहारों से संबंधित चित्र, चित्रों की सहायता से मुहावरे लिखना | संसार में ज्ञान (प्रकाश) फैलाना, अंधेरा दूर भगाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | कृष्ण और सुदामा (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, संज्ञा-विशेषण, नए शब्द बनाना, विलोम शब्द, बहुवचन, सुलेख, सत्य-असत्य कथन, मौखिक प्रश्न | भगवान कृष्ण के विषय में जानकारी, गीता का उपदेश, चित्र पहेली | मित्रता में ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाना, मित्र की सहायता करना |
| 11. | शहीद भगत सिंह (स्वतंत्रता सेनानी) | बहुविकल्पीय प्रश्न, समानार्थक शब्द, विलोम शब्द, ध्वनियों में अंतर, शब्दों का वाक्यों में प्रयोग, शब्दों के अर्थ लिखना, उचित शब्द चुनना, प्रश्नोत्तर | नेताओं के क्रांतिकारी नारे, क्रांतिकारियों को पहचानना | स्वतंत्रता का महत्त्व बताना, क्रांँतिकारियों के बलिदान से अवगत कराना |
| 12. | बिना बिचारे जो करे... (भावपूर्ण कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, शब्दों को पहचानना, नए शब्द बनाना, जंतुओं को पहचानना, सत्य-असत्य कथन, प्रश्नोत्तर | नेवले और साँप के बारे में जानकारी प्राप्त करना, चित्रों की सहायता से कहानी लिखना | सोच-विचार कर काम करना, बाद में न पछताना |
| 13. | देशप्रेम (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, समानार्थक शब्द, तुकवाले शब्द, प्रश्नोत्तर | भारत के राष्ट्रीय चिह्नों को पहचानना, राष्ट्रकवि के विषय में लिखना, देश-प्रेम कविता याद करना | देशप्रेम की भावना उत्पन्न करना |
| 14. | बया का घर (लोकप्रिय कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, विलोम शब्द, वाक्य से अनावश्यक शब्द छाँटना, | ........................ | मनोरंजन करना, उत्पात न मचाना, दूसरों को तंग न करना |
| 15. | स्वास्थ्य ही धन है (स्वास्थ्य और जीवन) | ........................ | ........................ | ........................ |
| 16. | पेड़ की गवाही (प्रचलित कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, विलोम शब्द, भिन्न शब्द, वाक्यों के अंत में उचित चिह्न लगाना, नए शब्द बनाना, जोड़े बनाना, सत्य-असत्य कथन, प्रश्नोत्तर | चित्र पहेली, फूल-पत्तियों से बधाई कार्ड बनाना | छल-कपट से दूर रहना, लोगों का विश्वास बनाए रखना |
| 17. | नई लगन (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, पंक्तियों का अर्थ, बहुवचन, वाक्यों को कई प्रकार लिखना, मौखिक प्रश्न | चित्रों को देखकर कहानी लिखना | आराम हराम है, लगातार काम करते रहना सफलता की कुंजी |
| | आओ सीखें | .................. | .................. | .................. |
| | हँसी के फव्वारे | चुटकुले | .................. | .................. |

# 1 वंदना



दो ऐसा वरदान दयामय,
　　　　　　सत्य मार्ग को अपनाएँ हम ।
गुरुओं के आशीर्वाद से,
　　　　　　उत्तम विद्या पाएँ हम ।
जो कर सके विरोध अनय का,
　　　　　　शक्ति विलक्षण पाएँ हम ।
हमलावर के दुस्साहस पर,
　　　　　　क्रूर काल बन जाएँ हम ।
सदियों से जो दीन-हीन हैं,
　　　　　　उनके कष्ट मिटाएँ हम ।
शुष्क हृदय को सींच सके जो,
　　　　　　वह सरिता बन जाएँ हम ।
धर्म, जाति, औ' संप्रदाय के,
　　　　　　सारे भेद मिटाएँ हम ।
सबका आदर करना सीखें,
　　　　　　प्रेम-सुधा बरसाएँ हम ।


**शिक्षा :** ईश्वर की-वंदना से मन को शांति मिलती है।

## शिक्षण संकेत

बच्चों को ईश्वर की-वंदना के माध्यम से अच्छे मार्ग पर चलने की शिक्षा दें। उन्हें बताएँ कि प्रात: भगवान की प्रार्थना से मन को शांति मिलती है, जिससे दिन भर के काम अच्छी तरह से होते हैं।

साहस के संबल पर,
आगे बढ़ते जाएँ हम।
बाधाओं के आने पर,
पर्वत से दृढ़ हो जाएँ हम।
मातृभूमि की बलिवेदी पर,
अपना शीश चढ़ाएँ हम।
अमर शहीदों के सपनों को,
सच करके दिखलाएँ हम।

—संकलित



**शब्द-अर्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दयामय | – | दया करने वाला | सरिता | – | नदी |
| विलक्षण | – | अद्भुत | अनय | – | अन्याय |
| शुष्क | – | सूखा | दृढ़ | – | मज़बूत |

## अभ्यास

**1. सही उत्तर पर ✓ चिह्न लगाओ:**

(क) बच्चे कैसा मार्ग अपनाना चाहते हैं?

सच का ☐ छल का ☐ कपट का ☐

(ख) हमें विद्या किससे मिलती है?

मित्रों से ☐ गुरुओं से ☐ पड़ोसियों से ☐

(ग) हमें किन के सपनों को सच करके दिखाना है?

नेताओं के ☐ शहीदों के ☐ धनवानों के ☐

**2. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखो:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सत्य – | ...................... | शुष्क – | ...................... |
| आदर – | ...................... | विरोध – | ...................... |
| क्रूर – | ...................... | दृढ़ – | ...................... |

कमज़ोर दयालु
गीला असत्य
अनादर समर्थन

**3. कविता की पंक्तियों को पूरा करो:**



साहस के संबल ..............................

आगे बढ़ते ..............................।

.............................. के आने पर

.............................. जाएँ हम।।

**4. मौखिक उत्तर दो:**


(क) बच्चे किससे वरदान माँग रहे हैं?

(ख) हमलावर के दुस्साहसी होने पर हमें कैसा बनना चाहिए?

(ग) हमें किसके कष्ट मिटाने चाहिए?

## आओ कुछ करें

1. ईश्वर से प्रत्येक दिन साहस, सेवा–भाव, स्वदेश प्रेम और सत्यनिष्ठा जैसे गुण प्रदान करने की प्रर्थना करो। इन्हें पूरा करने का संकल्प भी लो।
2. आप प्रात:काल उठकर किस तरह ईश्वर की वंदना करते हैं? इसके बाद कैसा अुनभव करते हैं? कक्षा में अपने साथियों को बताओ।
3. नीचे दिए चिह्न किस–किस धर्म को दर्शाते हैं?



.......................... .......................... .......................... ..........................